प्रपत्र–11

परियोजना का नामः– जनपद बागेश्वर में फटगली–धमोली–मालूझाल–ओखलसों मोटर मार्ग का निर्माण ।

## परियोजना का औचित्य

मा0 मुख्यमंत्री जी की घोषणा संख्या 804/ 2014 के अन्तर्गत राज्य योजना में शासनादेश संख्या 2724/ 111(2)/ 15–05(प्रा0आ0)/2015 दिनांक 24.04.2015 द्वारा जनपद बागेश्वर के विधान सभा क्षेत्र, बागेश्वर में गरूड़–बागेश्वर मोटर मार्ग कें स्थान फटगली से धमोली–मालूझाल–ओखलसों मोटर मार्ग 10 कि0मी0 लम्बाई हेतु रू0 148.50 लाख की (प्रथम चरण–यथा सर्वेक्षण, वनभूमि की स्वीकृति आदि कार्यों हेतु) प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी है। भारत सरकार से वन भूमि स्वीकृति उपरान्त राज्य सरकार द्वारा मोटर मार्ग निर्माण हेतु धनराशि स्वीकृत की जायेगी।

विधान सभा बागेश्वर का यह क्षेत्र यातायात की दृष्टि से काफी पिछड़ा है। वन क्षेत्र के मध्य में स्थित ग्राम मगरूपहरी जनसंख्या (440) तालड़ (184) कमोल (229) मालूझाल (190) एवं ओखलसों (333) कुल 1376 आवादी अभी तक किसी भी मोटर मार्ग से नहीं जुड़े हैं जिन्हें परिवहन एवं यातायात की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु यह मोटर मार्ग स्वीकृत किया गया हैं। पूर्व में शासन द्वारा मा0 मुख्यमंत्री सड़क योजना के अन्तर्गत बैजनाथ–बागेश्वर मोटर मार्ग से कमोल तक 4 कि0मी0 मोटर मार्ग निर्माण की प्रथम चरण हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी थी जिस पर 2.09 है0 वन भूमि पर भारत सरकार के पत्रांक 8वी/यू.सी.पी./06/ 124/ 2013/एफ.सी./765 दिनांक 13.07.2015 द्वारा विधिवत स्वीकृति जारी की जा चुकी है। अब स्वीकृत मार्ग का निर्माण न्यूनतम वन भूमि के उपयोग को ध्यान में रखते हुए पूर्व स्वीकृत मार्ग के विस्तार के रूप में कि0मी0 4 के अंत में तालड़ नामक स्थान से प्रस्तावित किया गया है। कमोल, धमोला, मालूझाल होते हुए ओखलसों तक इस मार्ग की कुल लम्बाई 6.00 कि0मी0 आती है जिसके लिए यह प्रस्ताव गठित किया जा रहा है।

यातायात की सुविधा के अभाव में स्थानीय जनता अपने दैनिक उपयोग के लिए वनों पर आश्रित रहती है जिस कारण प्रतिवर्ष काफी संख्या में वृक्षों का पातन होता हैं। वनों की सुरक्षा हेतु भारत सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में गैस के उपयोग पर विशेष प्रोत्साहन दिया जा रहा हैं। इस क्षेत्र का तहसील मुख्यालय, जिला चिकित्सालय, विकास खंड मुख्यालय, गैस वितरण केन्द्र बैंक, डाकघर,, महाविद्यालय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं मुख्य व्यावसायिक केन्द्र बागेश्वर है जहां तक आने के लिए स्थानीय जनता को उपर चढ़ाई से लगभग 10 कि0मी0 नीचे पैदल चल कर मोटर मार्ग में आना पड़ता है एवं सामग्री के साथ चढ़ाई पर जाना पड़ता है। इस मोटर मार्ग का निर्माण हो जाने से उपरोक्त ग्रामों के 221 परिवारों की 1376 जनसंख्या को परिवहन एवं यातायात की सुविधा के साथ ही गैस प्राप्त करने में सुविधा होगी जिससे जंगलों को बचाने में भी मदद मिलेगी। जनपद बागेश्वर में लगभग 71 प्रतिशत भू–भाग वनाछादित है। ग्रामीणों के पास बिखरी हुई एवं सीमित मात्रा में निजी नाप भूमि होने से विकास कार्यों के लिए उपलब्ध नहीं हो पाती है जिस कारण जनहित में बुनियादी ढांचे के विकास, पर्यटन को बढ़ावा देने, वनों की सुरक्षा, पहाड़ी क्षेत्र से पलायन रोकने, आपदा के समय प्रभावितों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने हेतु वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध कराने एवं स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन हेतु वन भूमि के उपयोग के अलावा और कोई विकल्प नहीं हैं। अतः उपरोक्त कारणों से इस मोटर मार्ग का निर्माण वन भूमि में प्रस्तावित किया गया है जो अपरिहार्य एवं औचित्यपूर्ण है।

सहायक अभियंता
प्रान्तीय खंड, लो0नि0वि0
बागेश्वर

अधिशासी अभियंता
प्रान्तीय खंड, लो0नि0वि0,
बागेश्वर